भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय,

शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल – 17

Phone : 2661263,2737446 **Fax**: 2661263 **Website**:bsgmp.net **E_mail**:bsgmadhyapradesh@gmail.com

क्र0/2283/रा0मु0/गतिविधि/2014 **भोपाल, दिनांक** 14-7-14

प्रति,

समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.गा.)
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
संभागीय मुख्यालय ....

विषय :– राज्य पुरस्कार स्काउट/गाइड जॉच शिविर का आयोजन।

सन्दर्भ :– राज्य के वार्षिक कार्यक्रमानुसार – 2014–15

––––000––

विषयांतर्गत राज्य के वार्षिक कार्यक्रमानुसार राज्यस्तर पर राज्य पुरस्कार स्काउट–गाइड जॉच शिविर का आयोजन दिनांक **08 से 12 सितंबर–2014** तक, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर में किया जा रहा है। जिसमें निम्न संभागों के स्काउट–गाइड संलग्न सूची अनुसार भाग ले सकेगें। ऐसे स्काउट–गाइड जिन्होनें पूर्व सत्र में तृतीय सोपान जॉच शिविर पूर्ण कर सफलता प्राप्त की थी एवं राज्य पुरस्कार जॉच शिविर मे भाग नही ले सके थें, वे स्काउट–गाइड इस शिविर में भाग ले सकते है। **पूर्व सत्र** के स्काउट–गाइड जिनका नाम प्रसारित सूची में है केवल वे ही स्काउट–गाइड भाग ले सकेगें। सूची में नाम न होने की स्थिति में संबंधित स्काउट–गाइड को सम्मिलित नही कराया जावेगा।

1. **कार्यक्रम का नाम :** **राज्य पुरस्कार स्काउट–गाइड जॉच शिविर**
2. **अवधि :** **08 से 12 सितंबर–2014**
3. **भाग लेनेवाले संभाग : जबलपुर, शहडोल, सागर संभाग**
4. **स्थान :** **राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर, भोपाल।**
5. **शुल्क :** शिविर शुल्क 375.00 रू. प्रति व्यक्ति शाला निधि से देय
   विशेष+विकास शुल्क 100.00 रू. ––––––"––––––"––––––
6. **कौन भाग लेगा :** ए.पी.आर.ओ.भाग 2–3 के अनुसार निर्धारित अर्हताधारी स्काउट–गाइड जिन्होनें तृतीय सोपान जॉच शिविर में सफलता प्राप्त की हो तथा जिनकी आयु 18 वर्ष से कम हो भाग ले सकते है। शिविर में दल पंजीयन, नवीनीकरण, प्रमाण पत्र, व्यक्तिगत प्रगति पत्र, जॉच हेतु समस्त दस्तावेज साथ लावें। जॉच से संबंधित कोई भी सामग्री शिविर स्थल पर प्रदान नही की जावेगी।

दल पंजीयन रजिस्टर, विगत तीन वर्षो का मानसभा रजिस्टर, प्रगति रजिस्टर का पूर्ण रिकार्ड प्रस्तुत करना होगा। जन्मतिथि प्रमाणीकरण हेतु अंकसूची की छायाप्रति साथ लाना होगा। साथ ही 02 पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटो जो यूनिफार्म में हो साथ लावें। स्काउटर–गाइडर शिविर अवधि में पूर्ण यूनिफार्म में रहेगें। दक्षता बैज प्रदर्शन एवं बैज प्रशिक्षको की सूची जो प्रमाणित हो साथ लावें।

7. **आवश्यक सामग्रीः** ए.पी.आर.ओ.भाग 2–3 के अनुसार विधिवत् 02 जोड पूर्ण यूनिफार्म, पहनने बदलने के कपडे, मौसम के अनुसार बिस्तर, भोजन करने के बर्तन, मच्छरदानी, वाटर बाटल, प्रसाधन सामग्री, तीन मीटर सूत की डोरी, बॉस, डंडे, खप्पची, नाटिंग रोप, लाठियां, तिकोनी एवं गोल पट्टी, पेन, पेन्सिल, कागज, नोटबुक, फार्स्टएड बाक्स, ड्राइंग शीट, आवश्यक प्रमाण पत्र, फोटो, लागबुक एवं अन्य आवश्यक सामग्री साथ लावें। संलग्न सूची अनुसार स्काउट–गाइड को राज्य पुरस्कार जॉच शिविर में सम्मिलित करावें।

नोट :– उक्त शिविर में भाग नही लेने वाले स्काउट–गाइड को आगामी शिविर में सम्मिलित नही कराया जावेगा।

संलग्न :– स्काउट–गाइड सूची

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
भोपाल, दिनाक 14-7-14

पृ.क्र. /2284/ रा0मु0 / गति. / 2014

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट–गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल।
2. जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट जिला.. ।
3. जिला संगठन (स्का.गा.) भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. जिला संघ.................................... ।
4. लेखा / स्थापना कक्ष, राज्य मुख्यालय भोपाल।
5. वार्डन, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर भोपाल।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र